(2019-20)

अभ्यास प्रश्नपत्र 1

कक्षा -बारहवीं

विषय- हिन्दी (आधार-302)

समय- 3 घण्टे कुल अंक -80

सामान्य निर्देश:

1. इस प्रश्न पत्र मे तीन खंड हैं - क, ख,
2. तीनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है |
3. यथासंभव तीनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रम से लिखें |
4. एक अंक के प्रश्नों के उत्तर लगभग 15-20 शब्दों में लिखिए |
5. दो अंकों के प्रश्नों के उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए |
6. तीन अंकों के प्रश्नों के उत्तर लगभग 60-70 शब्दों में लिखिए |
7. चार अंकों के प्रश्नों के उत्तर लगभग 80-100 शब्दों में लिखिए

8 पाँच अंकों के प्रश्नों के उत्तर लगभग 120-150 शब्दों में लिखिए |

1.	**खंड (क) अपठित अवबोधन(16)**	12
	निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दें- लेखक का काम काफ़ी हद तक मधुमक्खियों के काम से मिलता- जुलता है। मधुमक्खियाँ मकरंद-संग्रह के लिए कोसों दूर तक चक्कर लगाती हैं। वे सुंदर और अच्छे फूलों का रसपान करती हैं। तभी तो उनके मधु में संसार का सर्वश्रेष्ठ माधुर्य होता है। यदि आप अच्छा लेखक बनना चाहते हैं तो आपको भी यही वृत्ति अपनानी होगी । अच्छे ग्रंथों का खूब अध्ययन करना होगा और उनके विचारों का मनन करना होगा। फिर आपकी रचनाओं में मधु का सा माधुर्य आने लगेगा । कोई अच्छी उक्ति , कोई अच्छा विचार भले ही दूसरों से ग्रहण किया गया हो, लेकिन उस पर यथेष्ट मनन कर आप उसे अपनी रचना में स्थान देंगे , तो वह आपका ही हो जाएगा। मननपूर्वक लिखी गई वस्तु के संदर्भ में किसी को यह कहने का साहस नहीं होगा कि वह अमुक स्थान से ली गई है या उच्छिष्ट है। जो बात आप अच्छी तरह आत्मसात कर लेंगे वह मौलिक हो जाएगी।	
क	अच्छा लेखक बनने के लिए क्या करना चाहिए?	2
ख	मधुमक्खी एवं अच्छे लेखक में क्या समानताएँ होती हैं?	2
ग	कोई भी बात मौलिक कैसे बनती है?	2
घ	किस प्रकार की वस्तु को लोग उच्छिष्ट नहीं कह सकते?	2
ड.	मधुमक्खियाँ किस लिए दूर-दूर चक्कर लगाती हैं?	2
च	'यथेष्ट' और 'उच्छिष्ट' शब्दों के अर्थ लिखिए।	1
छ	उचित शीर्षक दीजिए।	1

2.	निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दें- तुम भारत , हम भारतीय हैं , तुम माता , हम बेटे, किसकी हिम्मत है कि तुम्हें दुष्टता-दृष्टि से देखे । ओ माता, तुम एक अरब से अधिक भुजाओं वाली, सबकी रक्षा में तुम सक्षम , हो अदम्य बलशाली । भाषा, वेश, प्रदेश भिन्न हैं ,फिर भी भाई-भाई, भारत की साझी संस्कृति में पलते भारतवासी । सुदिनों में हम एक साथ हँसते, गाते, सोते हैं, दुर्दिन में भी साथ-साथ जागते, पौरुष धोते हैं । तुम हो शस्य-श्यामला, खेतों में तुम लहराती हो, प्रकृति प्राणमयी, साम-गानमयी, तुम न किसे भाती हो । तुम न अगर होती तो धरती वसुधा क्यों कहलाती ? गंगा कहाँ बहा करती, गीता क्यों गाई जाती ?	
क.)	साझी संस्कृति का क्या भाव है?	1
ख.)	भारत को अदम्य बलशाली क्यों कहा गया है?	1
ग.)	सुख-दुःख के दिनों में भारतीयों का परस्पर सहयोग कैसा होता है?	1
घ.)	साम-गानमयी का क्या तात्पर्य है ?	1
	अथवा	
	मिट्टी तन है, मिट्टी मन है, मिट्टी दाना-पानी है। मिट्टी ही तन-बदन हमारा ,सो सब ठीक कहानी है।। पर जो उलटा समझ इसे ही बने आप ही ज्ञानी हैं। मिट्टी करता है जीवन को और बड़ा अज्ञानी है।। समझ सदा अपना तन मिट्टी , मिट्टी जो कि रमाता है। मिट्टी करके सरबस अपना मिट्टी में मिल जाता है।। जगत है सच्चा तनिक न कच्चा समझो बच्चा इसका भेद। खाओ पीओ कर्म करो नित कभी न लाओ मन में खेद ।। रचा उसी का है यह जग तो निश्चय उसको प्यारा है। इसमें दोष लगाना अपने लिए दोष का द्वार है ।। ध्यान लगाकर जो देखो तुम सृष्टि की सुधराई को। बात-बात में पाओगे उस सृष्टा की चतुराई को ।। सच्चे दिल से जो तुम निर्मल नियमों के अनुसार। तो अवश्य प्यारे जानोगे ,सारा जगत सच्चाई सार ।।	
क	कवि ने मिट्टी की महिमा का बखान करते हुए क्या कहा है?	
ख	कौन लाग अपने तन -मन को मिट्टी में मिला देते हैं और कैसे?	
ग	कवि इन काव्य पंक्तियों के द्वारा क्या प्रेरणा देता है?	
घ	संसार की रचना में दोष निकालना क्यों व्यर्थ है?	

	खंड (ख) रचनात्मक लेखन(20)	
3	निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 150 शब्दों में रचनात्मक लेख लिखिए :- क. पराधीन सपनेहुँ सुख नाही ख. संचार क्रांति और भारत ग. 21वीं सदी के भारत की चुनौतियाँ	5
4.	आपदा आने पर लोगों द्वारा प्रधानमंत्री राहत-कोष में धनराशि एवं राहत सामग्री भेजी जाती है, लोगों द्वारा की जाने वाली सहायता की सराहना करते हुए सम्पादक के नाम 80 से 100 शब्दों में पत्र लिखिए। अथवा अपना स्ववृत्त (बायोडाटा) प्रस्तुत करते हुए जिला शिक्षा-अधिकारी को प्राथमिक शिक्षक के पद हेतु 80 से 100 शब्दों में आवेदन पत्र लिखिए।	5
5.	निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अधिकतम 15 से 20 शब्दों में लिखिए:	1X5
	क. फ़ीडबैक किसे कहते हैं?	1
	ख. उल्टा पिरामिड शैली से आप क्या समझते हैं?	1
	ग. बीट किसे कहते हैं?	1
	घ. समाचार की परिभाषा लिखिए।	1
	ड़. पेज थ्री पत्रकारिता किसे कहते हैं ?	1
6.	'कर्ज़ के बोझ तले दबता किसान' विषय पर 80 से 100 शब्दों में एक आलेख लिखिए। अथवा 'विज्ञापनों की लुभावनी दुनिया' विषय पर 80 से 100 शब्दों में एक फ़ीचर लिखिए। अथवा आपके विद्यालय में स्वच्छता अभियान चलाया गया | इस पर 80 से 100 शब्दों में एक समाचार तैयार कीजिए|	5
	खण्ड ग पठित-अवबोधन (44)	
7.	निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लगभग 30 से 40 शब्दों में दीजिए - हम हों या किस्मत हो हमारी दोनों को इक ही काम मिला किस्मत हमको रो लेवे है हम किस्मत को रोले हैं। जो मुझको बदनाम करें हैं काश वे इतना सोच सकें मेरा परदा खोले हैं या अपना परदा खोले हैं॥	
क	कवि को कौन बदनाम करते होंगे?	2
ख	'मेरा परदा खोले हैं' का आशय स्पष्ट करें।	2
ग	'हम किस्मत को रो ले हैं' - का आशय स्पष्ट करें।	2
	अथवा	
	बात सीधी थी पर एक बार भाषा के चक्कर में	

	ज़रा टेढ़ी फँस गई। उसे पाने की कोशिश में भाषा को उलटा पलटा तोड़ा मरोड़ा, घुमाया फिराया कि बात या तो बने, या फिर भाषा से बाहर आए- लेकिन इससे भाषा के साथ-साथ बात और भी पेचीदा होती चली गई।।	
क	बात किस प्रकार भाषा के चक्कर में फँस जाती है?	2
ख	भाषा को तोड़ने मरोड़ने के पीछे कवि का क्या प्रयोजन था?	2
ग	उपर्युक्त पंक्तियों में निहित व्यंग्य को स्पष्ट करें।	2
8.	निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लगभग 30 से 40 शब्दों में दें- प्रात नभ था बहुत नीला शंख जैसे भोर का नभ राख से लीपा हुआ चौका (अभी गीला पड़ा है) बहुत काली सिल ज़रा से लाल केसर से कि जैसे धुल गई हो स्लेट पर या लाल खड़िया चाक मल दी हो किसी ने नील जल में या किसी की गौर झिलमिल देह जैसे हिल रही हो।	
क.	काव्यांश में प्रयुक्त उपमानों का उल्लेख कीजिए।	2
ख.	पद्यांश की दो भाषागत विशेषताओं का उल्लेख करें।	2
	अथवा	
	नभ में पाँति-बँधे बगुलों के पंख, चुराए लिए जातीं वे मेरी आँखें। कजरारे बादलों की छाई नभ छाया, तैरती साँझ की सतेज श्वेत काया।	
क.	पद्यांश से मानवीकरण का एक उदाहरण छाँटकर उसका सौंदर्य स्पष्ट कीजिए।	2
ख.	पद्यांश की भाषा पर प्रकाश डालिए।	2
9.	निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दें लगभग 60 से 70 शब्दों में दीजिए:-	3+3
क.	‘जन्म से ही वे अपने साथ लाते हैं’ कपास से बच्चों का क्या संबंध बन सकता है? ‘पतंग’	

	कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए|	
ख.	‘आत्मपरिचय’ के आधार पर बताइए कि ’शीतल वाणी में आग’ के होने का क्या अभिप्राय है?	
ग.	‘परदे पर वक्त की कीमत है’- कहकर कवि ने पूरे साक्षात्कार के प्रति अपना नज़रिया किस रूप में रखा है? ‘कैमरे में बंद अपाहिज’ कविता के आधार पर लिखिए|	
10.	निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : शिरीष के फूलों की कोमलता को देखकर परवर्ती कवियों ने समझा कि उसका सब कुछ कोमल है! यह भूल है। इसके फल इतने मज़बूत होते हैं कि नए फूलों के निकल आने पर भी स्थान नहीं छोड़ते । जब तक नए फल- पत्ते धकियाकर उन्हें बाहर नहीं कर देते तब तक वे डटे रहते हैं। वसंत के आगम न के समय जब सारी वनस्थली पुष्प- पत्र से मर्मरित होती रहती है, शिरीष के पुराने फल बुरी तरह खड़खड़ाते रहते हैं। मुझे इनको देखकर उन नेताओं की बात याद आती है , जो किसी प्रकार ज़माने का रूख नहीं पहचानते और जब तक नई पौध के लोग उन्हें धक्का मारकर निकाल नहीं देते तब तक जमे रहते हैं।	2x3
क.	शिरीष के फूल और नेताओं में क्या समानता बताई है?	2
ख.	किसे आधार मानकर बाद के कवियों को परवर्ती कहा गया है?	2
ग.	शिरीष के फलों और फूलों के स्वभाव में क्या अन्तर बताया गया है?	2
	अथवा	
	अब तक सफ़िया का गुस्सा उतर चुका था। भावना के स्थान पर बुद्धि उस पर हावी हो रही थी । नमक की पुड़िया ले तो जानी है पर कैसे ? अच्छा, अगर इसे हाथ में ले लें और कस्टम वालों के सामने सबसे पहले इसी को रख दें? लेकिन अगर कस्टम वालों ने न जाने दिया ! तो मज़बूरी है, छोड़ देंगे। लेकिन फिर उस वायदे का क्या होगा जो हमने अपनी माँ से किया था? हम अपने को सैयद कहते हैं। फिर वायदा करके झुठलाने के क्या मायने ? जान देकर भी वायदा पूरा करना होगा। मगर कैसे ? अच्छा, अगर इसे कीनुओं की टोकरी में सबसे नीचे रख लिया जाए तो इतने कीनुओं के ढेर में भला कौन इसे देखेगा ? और अगर देख लिया? नहीं जी, फलों की टोकरियाँ तो आते वक्त भी किसी की नहीं देखी जा रहीं थीं। उधर से केले, इधर से कीनू सब ही ला रहे थे , ले जा रहे थे। यही ठीक है , फिर देखा जाएगा।	2x3
क.	भावना के स्थान पर बुद्धि के हावी होने का क्या आशय है?	2
ख.	सफ़िया के मन में क्या द्वंद्व चल रहा था?	2
ग.	सफ़िया अपने को क्या कहती है और क्या पूरा करना चाहती है?	2
11.	निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए -	
क.	बाज़ार का जादू किसे कहा गया है? उसके उतरने और चढ़ने का लोगों पर क्या प्रभाव पड़ता है? लगभग 80 से 100 शब्दों में लिखिए|	4
ख.	लोगों ने लड़कों की टोली को मेंढक-मंडली क्यों कहा? यह टोली अपने-आपको इंदर-सेना क्यों कहती थी? लगभग 80 से 100 शब्दों में लिखिए| अथवा	4

	भक्तिन अच्छी है पर उसमें दुर्गुणों का अभाव नहीं- लेखिका के इस कथन के आलोक में भक्तिन के चरित्र की कोई तीन विशेषताएँ लिखिए। लगभग 80 से 100 शब्दों में लिखिए|	
ग.	लुट्टन पहलवान की अन्तिम इच्छा क्या थी? लगभग 30 से 40 शब्दों में लिखिए |	2
12.	निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 80 से 100 शब्दों में लिखिए:-	3×4=12
क.	हम सिन्धु सभ्यता को 'जल संस्कृति' कैसे कह सकते हैं? तर्क सहित उत्तर दें।	4
ख.	'जूझ' कहानी के लेखक को कविता लिखने की प्रेरणा किस प्रकार और कहाँ से मिली?	4
ग.	किट्टी कौन थी? ऐन फ्रेंक ने किट्टी को संबोधित कर डायरी क्यों लिखी?	4
घ.	'सिल्वर वैडिंग' पाठ में 'जो हुआ होगा' की कितनी अर्थ छवियाँ खोज सकते हैं? संक्षेप में वर्णन करें।	4
ड़.	सिन्धु सभ्यता की सबसे बड़ी विशेषता थी उसका सौन्दर्यबोद्ध जो न राजपोषित था, न धर्मपोषित बल्कि वो समाजपोषित था। सिद्ध करें।	4